# लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ

संख्या : लविवि / पनिका / 21–21
दिनांकः 27.07.2021

**कार्यालय ज्ञाप**

एतत्द्वारा लखनऊ विश्वविद्यालय एवं सहयुक्त महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि **स्नातक सम सेमेस्टर कक्षाओं–बी0ए0, बी0एस–सी0, बी0काम0 (द्वितीय, चतुर्थ एवं छठें सेमेस्टर) एवं पी0जी0 / प्रबन्धकीय पी0जी0 / पी0जी0 डिप्लोमा / प्रबन्धकीय यू0जी0 / विधि (त्रिवर्षीय / आनर्स) / डिप्लोमा / बी0काम0 (आनर्स) / बी0सी0ए0, एम0सी0ए0, बी0एस–सी0 एवं एम0एस–सी0 (एग्रीकल्चर), बी0एड0, एम0एड0, बी0पी0एड0, एम0पी0एड0 ललित कला संकाय एवं अन्य सेमेस्टर** पाठ्यक्रमों के नियमित / बैक पेपर एवं इक्जेम्टेड **परीक्षा सेमेस्टर मई–जून–2021 एवं बी0ई0एल0एड0 2021 (जिनकी परीक्षाऐं अभी प्रारम्भ नही हुई है) की** परीक्षाओं के ऑनलाइन परीक्षाफार्म **www.exam.luonline.in and www.lkouniv.ac.in** पर भरने की तिथि **दिनांक 29.07.2021 तक विस्तारित की जाती है।**

1. इम्प्रूवमेन्ट की परीक्षा हेतु केवल अन्तिम वर्ष / सेमेस्टर के अर्ह छात्रों का परीक्षाफार्म भरा जाना है, क्योकि विश्वविद्यालय द्वारा केवल अन्तिम वर्ष / सेमेस्टर की परीक्षाऐं आयोजित की जानी है। इसलिए जिन कक्षाओं में छात्रों को प्रोन्नति किया जाना है, उन छात्रों को इम्प्रूवमेन्ट परीक्षाफार्म नही भराना है, ऐसे छात्रों को कोविड–19 की परिस्थितियां सामान्य होने पर परीक्षाऐं आयोजित की जायेगी।
2. लखनऊ विश्वविद्यालय के नियमित छात्रों को अलग से कोई शुल्क नही जमा करना है केवल ऑनलाइन परीक्षाफार्म भरकर सेमेस्टर की शुल्क रसीद के साथ सम्बन्धित विभागाध्यक्ष / संकायाध्यक्ष कार्यालय में ई–मेल / अथवा ऑफलाइन माध्यम से जमा करना है।
3. बैकपेपर / इम्प्रूवमेन्ट / इक्जम्टेड छात्रों को ऑनलाइन परीक्षाफार्म भरकर परीक्षा शुल्क ऑनलाइन जमा करते हुए परीक्षाफार्म एवं शुल्क रसीद सम्बन्धित संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष कार्यालय में ई–मेल / अथवा ऑफलाइन जमा करना है। सम्बन्धित संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष द्वारा ऑन लाइन भरे गये परीक्षा फार्मो को लॉगिन के माध्यम से **दिनांक 29.07.2021 तक** अग्रसारित करते अनिवार्य रूप से परीक्षा विभाग लखनऊ विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
4. सहयुक्त महाविद्यालयों के समस्त कक्षाओं के छात्र / छात्राओं को ऑन लाइन भरे गये परीक्षाफार्म का प्रिन्ट आउट विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित परीक्षा शुल्क के साथ अपने महाविद्यालय में जमा करना है।
5. समस्त सहयुक्त महाविद्यालय के प्राचार्य / प्राचार्यो से अनुरोध है कि उक्त आनलाइन भरे हुए परीक्षा फार्मो की सूची के साथ निर्धारित परीक्षा शुल्क वित्त अधिकारी के पत्र संख्या 3001–99 / एफ0ओ0 दिनांक 21.01.2020 के कम में विश्वविद्यालय की बेवसाइट पर उपलब्ध लिंक **online fees submission के माध्यम से नेटबैकिंग / डेबिट व केडिट कार्ड / आर0टी0जी0एस0 / एन0एफ0टी0 अथवा एच0डी0एफ0सी0 के किसी भी शाखा में जमा करते हुए** समस्त परीक्षाफार्मो की सूची **दिनांक 29.07.2021** तक परीक्षा विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय में अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

परीक्षा नियंत्रक
लखनऊ विश्वविद्यालय।

पृष्ठाकंन संख्या एवं दिनांकः उपरोक्त।

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. सचिव कुलपति को माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
2. समस्त सकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष।
3. कुलसचिव।
4. वित्त अधिकारी।
5. कुलानुशासक।
6. समस्त प्राचार्य / प्राचार्या, सहयुक्त महाविद्यालयों को इस आशय से प्रेषित कि अपने महाविद्यालय से सम्बन्धित छात्रों को सूचित कर उनके परीक्षाफार्म भरवाने का कष्ट करें, जिससे तिथि समाप्त होने के उपरान्त छात्रों को विश्वविद्यालय न आना पड़ें।
7. निदेशक, आई0पी0पी0आर0।
8. उप कुलसचिव परीक्षा / गोपनीय / प्रभारी, वेवसाइट,।
9. कार्यालय अधीक्षक परीक्षा / कक्षा सहायक, (सम्बन्धित कक्षा)
10. अधीक्षक (कैश–पुराना)।
11. सूचना एवं गाइडेन्स ब्यूरो।
12. परीक्षा नियंत्रक कार्यालय।

परीक्षा नियंत्रक
लखनऊ विश्वविद्यालय।